भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 960
सोमवार, 26 जुलाई, 2021/4 श्रावण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत प्रदान किया गया रोजगार

960. श्री मलूक नागर:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 2014 से आज की तारीख तक स्वदेश दर्शन योजना के तहत प्रदान किए गए रोजगार का प्रतिशत कितना है;

(ख) पहचाने गए सर्किटों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या मेरठ जिले के ऐतिहासिक शहर हस्तिनापुर को किसी सर्किट में शामिल किया गया है; और

(घ) यदि नहीं, तो उक्त शहर को कब तक सर्किट में शामिल किए जाने की संभावना है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): पर्यटन मंत्रालय द्वारा योजना-वार रोजगार का प्रतिशत नहीं रखा जाता है । हालांकि, जुलाई, 2019 में राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद द्वारा स्वदेश दर्शन योजना का एक तृतीय पक्ष प्रभाव मूल्यांकन किया गया था, जिसमें बताया गया है कि यह योजना आजीविका अवसरों को बढ़ावा देने और निर्माण चरण में स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार सृजित करने में सक्षम रही है ।

(ख): स्वदेश दर्शन योजना के तहत 15 थीमेटिक परिपथों को अभिज्ञात किया गया है ।

(ग) और (घ): पर्यटन का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से राज्य सरकार की जिम्मेदारी है । पर्यटन मंत्रालय, अपनी स्वदेश दर्शन योजना के तहत देश में विभिन्न गंतव्यों पर पर्यटन अवसंरचना को विकसित करने के लिए योजनाबद्ध रूप से और प्राथमिकता के आधार पर थीमेटिक परिपथों को विकसित कर रहा है । इस योजना के तहत अब तक पंद्रह थीमेटिक परिपथों को अभिज्ञात किया गया है। स्वदेश दर्शन योजना के तहत विकास के लिए परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है और उन्हें निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, संबंधित योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन और पहले जारी की गई निधियों के उपयोग की शर्त पर स्वीकृति प्रदान की जाती है ।

मेरठ में हस्तिनापुर को स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत किसी भी परियोजना में शामिल नहीं किया गया है, पर्यटन मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत 8 परियोजनाओं को स्वीकृत किया है जिसमें 'विरासत परिपथ' तथा 'आध्यात्मिक परिपथ' के तहत मेरठ जिले में 2 स्थानों पर हस्तक्षेप शामिल हैं।

*****